1. Given below are two statements, in which one is labelled as Assertion (A) and the other as Reason (R):
**Assertion (A) :** The boiling point of water decreases as the altitude increases.
**Reason (R) :** The atmospheric pressure increases with altitude.
Select the correct answer using the code given below:
**Code –**
(a) (A) is true but (R) is false.
(b) (A) is false but (R) is true.
(c) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A).
(d) Both (A) and (R) are true but (R) is not correct explanation of (A).

2. Which of the following city/cities is/are not situated in present day Afghanistan?
1. Ghazni 2. Fergana 3. Kandahar 4. Samarkand
Select the correct answer from the code given below:
**Code -**
(a) 2 and 4 (b) Only 1
(c) 2 and 3 (d) Only 4

3. What is the correct chronological order of the Sultans of Sayyid dynasty?
(1) Khizr Khan (2) Muhammad Shah
(3) Mubarak Shah (4) Ala-ud-Din Alam Shah
Select the correct answer from the code given below:
**Code -**
(a) 1, 3, 4, 2 (b) 1, 4, 2, 3
(c) 1, 3, 2, 4 (d) 1, 2, 3, 4

4. A voltage of 15 volt is applied across a colour coded carbon resistor with first, second and third rings of brown, green and black colours. What is the current flowing through the resistor?
(a) 3 ampere (b) 2 ampere
(c) 1 ampere (d) None of the above

5. Consider the following types of erosion and arrange these in correct sequence in terms of the increasing order of soil loss from the field due to these types of erosion -
I. Gully erosion II. Splash erosion
III. Rill erosion IV. Sheet erosion
Select the correct answer from the code given below–
**Code -**
(a) IV, I, III, II (b) II, IV, III, I
(c) III, II, I, IV (d) II, III, IV, I

6. Consider the following statements with reference to Attorney General of India –
1. He holds office during the pleasure of the Prime Minister.
2. He is not entitled to the privileges of a Member of Parliament.
Select the correct answer from the code given below:
**Code -**
(a) Only 1 (b) Only 2
(c) Neither 1 nor 2 (d) Both 1 and 2

1. नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिसमें से एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है :
अभिकथन (A) : जैसे–जैसे ऊँचाई बढ़ती है, पानी का क्वथनांक घटता है।
कारण (R) : ऊँचाई के साथ वायुमंडल दाब बढ़ता है।
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए :
कूट –
(a) (A) सत्य है किन्तु (R) असत्य है।
(b) (A) असत्य है किन्तु (R) सत्य है।
(c) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(d) (A) और (R) दोनों सत्य हैं किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

2. निम्नलिखित में से कौन सा/से शहर वर्तमान अफगानिस्तान में स्थित नहीं है/हैं?
1. गज़नी 2. फ़रग़ना 3. कांधार 4. समरकंद
नीचे दिए गये कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए:
कूट –
(a) 2 और 4 (b) केवल 1
(c) 2 और 3 (d) केवल 4

3. सैय्यद वंश के सुल्तानों का सही कालानुक्रम क्या है?
(1) खिज़्र खान (2) मुहम्मद शाह
(3) मुबारक शाह (4) अलाउद्दीन आलम शाह
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए :
कूट –
(a) 1, 3, 4, 2 (b) 1, 4, 2, 3
(c) 1, 3, 2, 4 (d) 1, 2, 3, 4

4. भूरे, हरे और काले रंग के पहले, दूसरे और तीसरे छल्ले के साथ रंग कोडित कार्बन प्रतिरोधी पर 15 वोल्ट का वोल्टेज लगाया जाता है। प्रतिरोधक के माध्यम से प्रवाहित होने वाली धारा क्या है?
(a) 3 एम्पीयर (b) 2 एम्पीयर
(c) 1 एम्पीयर (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

5. निम्नलिखित प्रकार के क्षरण पर विचार करें तथा इस प्रकार के क्षरण के कारण खेत से मिट्टी के नुकसान के बढ़ते क्रम के सन्दर्भ में सही क्रम में व्यवस्थित करें –
I. अवनालिका क्षरण (अपरदन) II. बौछारी क्षरण
III. नलिका क्षरण IV. परत क्षरण
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए –
कूट –
(a) IV, I, III, II (b) II, IV, III, I
(c) III, II, I, IV (d) II, III, IV, I

6. भारत के महान्यायवादी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –
1. वे प्रधानमंत्री की मर्ज़ी तक पद पर बने रहते हैं।
2. वे संसद सदस्य के विशेषाधिकार के हकदार नहीं हैं।
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए:
कूट –
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) न तो 1 ना ही 2 (d) 1 और 2 दोनों

7. The reason for a swimming pool to appear less deep than the actual depth is -

(a) Reflection (b) Light scattering

(c) Refraction (d) None of the above

8. Given below are two statements, in which one is labelled as Assertion (A) and the other as Reason (R)-

Assertion (A) : "Five Eyes" is an Intelligence Alliance of 5 countries including U.S.A., U.K., Canada, Australia and New Zealand.

Reason (R) : They share intelligence inputs regarding threats to their countries' interests through a collective secret database called "Stone Ghost".

Select the correct answer using the code given below-

Code -

(a) (A) is true but (R) is false.

(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not correct explanation of (A).

(c) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A).

(d) (A) is false but (R) is true.

9. Given below are two statements, in which one is labelled as Assertion (A) and the other as Reason (R) –

Assertion (A) : Pulses, when included in intercropping with cereals, act as complimentary crops.

Reason (R) : Pulses with tap root system, do not compete for nutrients and moisture with cereals having fibrous root system.

Select the correct answer using the code given below-

Code -

(a) (A) is false but (R) is true.

(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not correct explanation of (A).

(c) (A) is true but (R) is false.

(d) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A).

10. Consider the following events and arrange them in correct chronological order starting from the earliest to the last activity :

(I) Discovery of pi meson

(II) Discovery of Neutron

(III) Discovery of Electron

(IV) Discovery of Proton

Select the correct answer using the code given below:

**Code -**

(a) I, III, IV, II (b) III, II, I, IV

(c) III, IV, II, I (d) III, IV, I, II

7. स्विमिंग पूल के वास्तविक गहराई से कम गहरा प्रतीत होने का कारण है –

(a) परावर्तन (b) प्रकाश प्रकीर्णन

(c) अपवर्तन (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

8. नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है –

**अभिकथन (A) :** "फाइव आइज़" संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड सहित 5 देशों का एक खुफिया गठबंधन है।

**कारण (R) :** वे "स्टोन घोस्ट" नामक एक सामूहिक गुप्त डेटाबेस के माध्यम से अपने देशों के हितों के लिए खतरों के बारे में खुफिया जानकारी साझा करते हैं।

नीचे दिए गये कूट से सही उत्तर चुनिए –

कूट –

(a) (A) सत्य है किन्तु (R) असत्य है।

(b) (A) और (R) दोनों सत्य हैं किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(c) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

(d) (A) असत्य है किन्तु (R) सत्य है।

9. नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिसमें एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है –

**अभिकथन (A) :** अनाज वाली फसलों के साथ अंतरासस्यन के रूप में शामिल होने पर दलहनें पूरक फसलों के रूप में कार्य करती हैं।

**कारण (R) :** मूसला जड़ प्रणाली वाली दलहनें रेशेदार जड़ प्रणाली वाले अनाजों की फसलों के साथ पोषक तत्वों और नमी के लिए प्रतिस्पर्द्धा नहीं करती हैं।

नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए –

कूट –

(a) (A) असत्य है किन्तु (R) सत्य है।

(b) (A) और (R) दोनों सत्य हैं किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(c) (A) सत्य है किन्तु (R) असत्य है।

(d) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

10. निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिए तथा इन्हें सही कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए, सबसे पहले से प्रारम्भ करते हुए आखिरी गतिविधि तक :

(I) पाई मेसन की खोज

(II) न्यूट्रॉन की खोज

(III) इलेक्ट्रॉन की खोज

(IV) प्रोटोन की खोज

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए :

कूट –

(a) I, III, IV, II (b) III, II, I, IV

(c) III, IV, II, I (d) III, IV, I, II

11. Given below are two statements, in which one is labelled as Assertion (A) and the other as Reason (R):

**Assertion (A) :** The struggles in South Africa prepared Gandhiji to lead the National Movement.

**Reason (R) :** Seeing the militancy of Indians in South Africa, Gandhiji was convinced that the Indian people would be ready for militant struggle and sacrifice for a cause.

Select the correct answer from the code given below:

**Code -**

(a) Both (A) and (R) are correct and (R) is correct explanation of (A).

(b) (A) is correct but (R) is incorrect.

(c) Both (A) and (R) are correct but (R) is not the correct explanation of (A).

(d) (A) is incorrect but (R) is correct.

12. A sum invested at 7% simple interest per annum grows to ₹ 540 in 5 years. The same amount at 9% simple interest per annum in 3 years will grow to be-

(a) ₹ 450 (b) ₹ 520

(c) ₹ 420 (d) ₹ 508

13. Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below -

| List-I | List-II |
|---|---|
| A. Jaya Varma Sinha | 1. Author of "Tales from Banana Republic" |
| B. Manoje Nath | 2. P.M. of Thailand |
| C. Srettha Thavisin | 3. The first woman Chairperson of the Railway Board |
| D. Dr. Mohamed Muizzu | 4. President of Maldives |

**Code -**

(a) A-4, B-1, C-2, D-3 (b) A-2, B-1, C-3, D-4

(c) A-3, B-1, C-2, D-4 (d) A-3, B-2, C-1, D-4

14. Out of the four given pairs below, how many of the following pairs are correctly matched?

| List-I (Research Institute) | | List-II (City) |
|---|---|---|
| (A) Arid Forest Research Institute | - | Jodhpur |
| (B) Himalayan Forest Research Institute | - | Dehradun |
| (C) Rain Forest Research Institute | - | Jorhat |
| (D) Tropical Forest Research Institute | - | Jabalpur |

(a) 4 (b) 2

(c) 1 (d) 3

11. नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिसमें से एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) कहा गया है :

**अभिकथन (A) :** दक्षिण अफ्रीका के संघर्षों ने गाँधी जी को राष्ट्रीय आन्दोलन के नेतृत्व के लिए तैयार किया।

**कारण (R) :** दक्षिण अफ्रीका में भारतीयों के जुझारुपन को देखकर गाँधी जी को यह विश्वास हो गया था कि भारतीय जनता किसी उद्देश्य के लिए जुझारु संघर्ष और बलिदान के लिए तैयार हो जायेगी।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए:

**कूट –**

(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

(b) (A) सही है किंतु (R) गलत है।

(c) (A) तथा (R) दोनों सही हैं किंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(d) (A) गलत है किंतु (R) सही है।

12. एक धनराशि 7% सालाना ब्याज की दर पर 5 वर्ष में 540 ₹ हो जाती है। यही धनराशि 9% सालाना साधारण ब्याज की दर से 3 वर्ष में हो जायेगी –

(a) 450 ₹ (b) 520 ₹

(c) 420 ₹ (d) 508 ₹

13. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए –

| सूची–I | सूची–II |
|---|---|
| A. जया वर्मा सिंहा | 1. "टेल्स फ्रॉम बनाना रिपब्लिक" के लेखक |
| B. मनोज नाथ | 2. थाईलैंड के पी.एम. |
| C. श्रेथा थाविसिन | 3. रेलवे बोर्ड की पहली महिला अध्यक्ष |
| D. डॉ. मोहम्मद मुइज़्ज़ू | 4. मालदीव के राष्ट्रपति |

**कूट –**

(a) A-4, B-1, C-2, D-3 (b) A-2, B-1, C-3, D-4

(c) A-3, B-1, C-2, D-4 (d) A-3, B-2, C-1, D-4

14. नीचे दिए गए चार युग्मों में से, कितने युग्म सही सुमेलित हैं?

| सूची–I (अनुसंधान संस्थान) | | सूची–II (शहर) |
|---|---|---|
| (A) शुष्क वन अनुसंधान संस्थान | – | जोधपुर |
| (B) हिमालय वन अनुसंधान संस्थान | – | देहरादून |
| (C) वर्षा वन अनुसंधान संस्थान | – | जोरहाट |
| (D) उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान | – | जबलपुर |

(a) 4 (b) 2

(c) 1 (d) 3

15. Consider the following statements with reference to osmosis :

(1) If the semipermeable membrane is placed between the solvent and solution, the solvent molecules will flow through the membrane from pure solvent to the solution.

(2) The process of flow of solvent is called as reverse osmosis.

Select the correct answer using the code given below:

(a) Both 1 and 2 (b) Only 1

(c) Neither 1 nor 2 (d) Only 2

16. Consider the following statements with reference to Uttar Pradesh Budget, 2023-24 -

1. The size of the Budget is ₹ 7,60,000 crore.

2. The Fiscal Deficit is estimated to be at ₹ 84,883.16 crore.

Select the correct answer using the code given below:

**Code -**

(a) Both 1 and 2 (b) Only 2

(c) Neither 1 nor 2 (d) Only 1

17. Consider the following events and arrange them in chronological order -

I. C.R. Rao, the eminent Statistician, passed away

II. Ustad Ali Zaki Haider, the Rudra Veena exponent, passed away

III. Bindeshwar Pathak, father of public toilets in India, passed away

IV. M.S. Swaminathan, father of India's Green Revolution, passed away

Select the correct answer using the code given below-

**Code -**

(a) III, I, II, IV (b) IV, II, III, I

(c) IV, I, II, III (d) II, III, I, IV

18. Consider the following events of seed multiplication stages and arrange these in correct chronological order from earliest stage to last -

I. Breeder seed II. Foundation seed

III. Certified seed IV. Nucleus seed

Select the correct answer from the code given below–

**Code -**

(a) IV, I, II, III (b) II, III, I, IV

(c) III, I, IV, II (d) II, IV, III, I

15. परासरण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –

(1) यदि एक अर्धपारगम्य झिल्ली विलायक और विलयन के मध्य रख दी जाए तो विलायक के अणु इस झिल्ली में से निकल कर शुद्ध विलायक से विलयन की ओर प्रवाहित हो जाएंगे।

(2) विलायक के प्रवाह की यह प्रक्रिया प्रतिलोम परासरण कहलाती है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए –

(a) 1 और 2 दोनों (b) केवल 1

(c) न तो 1 ना ही 2 (d) केवल 2

16. उत्तर प्रदेश बजट, 2023-24 के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –

1. बजट का आकार 7,60,000 करोड़ ₹ है।

2. राजकोषीय घाटा 84,883.16 करोड़ ₹ रहने का अनुमान है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन करें :

कूट –

(a) 1 और 2 दोनों (b) केवल 2

(c) न तो 1 ना ही 2 (d) केवल 1

17. निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिए तथा उनको कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए –

I. प्रख्यात सांख्यिकीविद, सी.आर. राव का निधन

II. रुद्र वीणा वादक, उस्ताद अली ज़की हैदर का निधन

III. भारत में सार्वजनिक शौचालयों के जनक, बिंदेश्वर पाठक का निधन

IV. भारत की हरित क्रांति के जनक, एम.एस. स्वामीनाथन का निधन

नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिए –

कूट –

(a) III, I, II, IV (b) IV, II, III, I

(c) IV, I, II, III (d) II, III, I, IV

18. बीज गुणन चरणों की निम्नलिखित घटनाओं पर विचार करें और उन्हें प्रारम्भिक चरण से अंतिम चरण तक सही कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित करें –

I. प्रजनक बीज II. आधारीय बीज

III. प्रमाणित बीज IV. केन्द्रक बीज

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चुनाव कीजिए –

कूट –

(a) IV, I, II, III (b) II, III, I, IV

(c) III, I, IV, II (d) II, IV, III, I

**19.** Given below are two statements, in which one is labelled as Assertion (A) and the other as Reason (R) –

**Assertion (A) :** India is the largest producer of Jute in the world.

**Reason (R) :** India's Jute production increased due to Yellow Revolution.

Select the correct answer using the code given below-

**Code -**

(a) Both (A) and (R) are true but (R) is not correct explanation of (A).
(b) (A) is true but (R) is false.
(c) (A) is false but (R) is true.
(d) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

**20.** Given below are two statements, in which one is labelled as Assertion (A) and the other as Reason (R)-

**Assertion (A) :** Roscomos's Luna-25 mission to moon was aimed at ensuring guaranteed access to moon.

**Reason (R) :** Russia and China together are leading International Lunar Research Station (ILRS) against U.S. led Artemis Accord.

Select the correct answer from the code given below-

**Code -**

(a) (A) is true but (R) is false.
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not correct explanation of (A).
(c) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A).
(d) (A) is false but (R) is true.

**21.** x% of y is equal to y% of ..........

(a) x
(b) 100x
(c) $\frac{x}{100}$
(d) None of the above

**22.** Given below are two statements, in which one is labelled as Assertion (A) and the other as Reason (R):

**Assertion (A) :** During the winter season, most part of India is dry.

**Reason (R) :** Most parts of the country are under influence of the northeast trade winds during the winter season.

Select the correct answer using the code given below:

**Code -**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).
(c) (A) is false but (R) is true.
(d) (A) is true but (R) is false.

**19.** नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है –

**अभिकथन (A) :** भारत विश्व में जूट का सबसे बड़ा उत्पादक है।

**कारण (R) :** भारत का जूट उत्पादन पीली क्रांति के कारण बढ़ा है।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए –

**कूट –**

(a) (A) और (R) दोनों सत्य हैं किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(b) (A) सत्य है किन्तु (R) असत्य है।
(c) (A) असत्य है किन्तु (R) सत्य है।
(d) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

**20.** नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है –

**अभिकथन (A) :** रोस्कोमोस के चन्द्रमा पर लूना–25 मिशन का उद्देश्य चन्द्रमा तक पहुँच की गारंटी सुनिश्चित करना था।

**कारण (R) :** रूस और चीन मिलकर अमेरिका के नेतृत्व वाले आर्टेमिस समझौते के खिलाफ अन्तर्राष्ट्रीय चन्द्र अनुसंधान स्टेशन (ILRS) का नेतृत्व कर रहे हैं।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए –

**कूट –**

(a) (A) सत्य है किन्तु (R) असत्य है।
(b) (A) और (R) दोनों सत्य हैं किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(c) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(d) (A) असत्य है किन्तु (R) सत्य है।

**21.** y का x% किसके y% के बराबर है?

(a) x के
(b) 100x के
(c) $\frac{x}{100}$ के
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**22.** नीचे दो कथन दियें गये हैं, जिनमें एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है :

**अभिकथन (A) :** सर्दी के मौसम में, भारत का अधिकांश भाग शुष्क रहता है।

**कारण (R) :** शीत ऋतु के दौरान देश के अधिकांश भाग उत्तर–पूर्वी व्यापारिक हवाओं के प्रभाव में रहते हैं।

नीचे दिये गये कूट का उपयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट –**

(a) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) (A) और (R) दोनों सत्य हैं किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(c) (A) असत्य है किन्तु (R) सत्य है।
(d) (A) सत्य है किन्तु (R) असत्य है।

23. Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below:

| List–I (Dance) | List–II (State) |
|---|---|
| A. Bharatnatyam | 1. Tamil Nadu |
| B. Kuchipudi | 2. Uttar Pradesh |
| C. Sattriya | 3. Andhra Pradesh |
| D. Kathak | 4. Assam |

**Code -**

(a) A-1, B-3, C-4, D-2  (b) A-3, B-4, C-1, D-2
(c) A-1, B-4, C-3, D-2  (d) A-1, B-2, C-4, D-3

23. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए एवं नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

| सूची–I (नृत्य) | सूची–II (राज्य) |
|---|---|
| A. भरतनाट्यम | 1. तमिलनाडु |
| B. कुचिपुड़ी | 2. उत्तर प्रदेश |
| C. सत्रीया | 3. आन्ध्र प्रदेश |
| D. कथक | 4. असम |

कूट –

(a) A-1, B-3, C-4, D-2  (b) A-3, B-4, C-1, D-2
(c) A-1, B-4, C-3, D-2  (d) A-1, B-2, C-4, D-3

24. Consider the following statements with reference to Charkula dance of Uttar Pradesh –

1. It is a dance performed in the Awadh region of Uttar Pradesh.
2. In this dance, veiled women balancing large multi-tiered circular wooden pyramids on their heads dance to songs about Krishna.

Select the correct answer from the code given below:

**Code -**

(a) Neither 1 nor 2  (b) Both 1 and 2
(c) Only 1  (d) Only 2

24. उत्तर प्रदेश के चारकुला नृत्य के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –

1. यह उत्तर प्रदेश के अवध क्षेत्र में किया जाने वाला नृत्य है।
2. इस नृत्य में, पर्दा ढके महिलायें अपने सिर पर बड़े बहुस्तरीय गोलाकार लकड़ी के पिरामिडों को संतुलित करती हैं और कृष्णा के गीतों पर नृत्य करती हैं।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए –

कूट –

(a) न तो 1 ना ही 2  (b) 1 एवं 2 दोनों
(c) केवल 1  (d) केवल 2

25. If the 25th of October in a year is Thursday, the number of Mondays in that month is -

(a) 3  (b) 4
(c) 5  (d) None of the above

25. यदि किसी वर्ष में 25 अक्टूबर को गुरुवार है, तो उस महीने में सोमवारों की संख्या कितनी होगी?

(a) 3  (b) 4
(c) 5  (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

26. Given below are two statements, in which one is labelled as Assertion (A) and the other as Reason (R)-

**Assertion (A) :** The northern slopes of the Himalayas have a thicker vegetation cover compared to the southern slopes.

**Reason (R) :** Southern slopes of Himalayas receive more rainfall than the northern slopes.

Select the correct answer using the code given below:

**Code -**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(b) (A) is false but (R) is true.
(c) (A) is true but (R) is false.
(d) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).

26. नीचे दो कथन दिए गये हैं, जिनमें एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है –

**अभिकथन (A) :** हिमालय के उत्तरी ढलानों पर दक्षिणी ढलानों की तुलना में अधिक घना वनस्पति आवरण है।

**कारण (R) :** हिमालय के दक्षिणी ढलानों पर उत्तरी ढलानों की तुलना में अधिक वर्षा होती है।

नीचे दिए गये कूट का उपयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए:

कूट –

(a) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) (A) असत्य है किन्तु (R) सत्य है।
(c) (A) सत्य है किन्तु (R) असत्य है।
(d) (A) और (R) दोनों सत्य हैं किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

27. Given below are two statements, in which one is labelled as Assertion (A) and the other as Reason (R):

**Assertion (A) :** Raja Ram Mohan Roy was the Editor of "Sambad Kaumudi", a Bengali weekly.

**Reason (R) :** His articles condemning the custom of widow burning were published in it.

Select the correct answer using the code given below:

**Code -**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A).

(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not correct explanation of (A).

(c) (A) is true but (R) is false.

(d) (A) is false but (R) is true.

28. Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below :

| List-I | List-II |
|---|---|
| (A) Futuh-us-Salatin | (1) Firoz Shah Tughlaq |
| (B) Futuhat-i-Firoz Shahi | (2) Abdul Malik Isami |
| (C) Tarikh-i-Firoz Shahi | (3) Amir Khusrau |
| (D) Khazain-ul-Futuh | (4) Ziauddin Barani |

**Code -**

(a) A-3, B-2, C-1, D-4 (b) A-1, B-3, C-4, D-2

(c) A-2, B-1, C-4, D-3 (d) A-2, B-4, C-3, D-1

29. Given below are two statements, in which one is labelled as Assertion (A) and the other as Reason (R):

**Assertion (A) :** A person travelling in a car with closed glass windows and doors is safe from the lightening strike.

**Reason (R) :** Actually a closed car behaves like a hollow conductor, so charges cannot enter inside the car.

Select the correct answer using the code given below:

**Code -**

(a) (A) is false but (R) is true.

(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not correct explanation of (A).

(c) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A).

(d) (A) is true but (R) is false.

30. With reference to the 'Rhine River in Europe', which of the following statement/s is /are correct?

1. Rhine river is an important pathway for industrial activity in northern Germany.
2. Port of Rotterdam is located at the mouth of the Rhine river.

Select the correct answer using the code given below:

**Code –**

(a) Neither 1 nor 2 (b) Only 2

(c) Both 1 and 2 (d) Only 1

27. नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिसमें से एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है :

**अभिकथन (A) :** "संवाद कौमुदी", एक बंगाली साप्ताहिक के सम्पादक राजा राम मोहन राय थे।

**कारण (R) :** विधवा जलाने की प्रथा की निंदा करते हुए उनके लेख इसमें प्रकाशित हुए थे।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चुनाव कीजिए:

**कूट –**

(a) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

(b) (A) और (R) दोनों सत्य हैं किंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(c) (A) सत्य है किंतु (R) असत्य है।

(d) (A) असत्य है किंतु (R) सत्य है।

28. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (A) फुतूह–उस–सलातिन | (1) फिरोज़ शाह तुगलक |
| (B) फुतुहात–ए–फिरोज़शाही | (2) अब्दुल मलिक इसामी |
| (C) तारिख–ए–फिरोज़शाही | (3) अमीर खुसरो |
| (D) खज़ैन–उल–फुतूह | (4) ज़ियाउद्दीन बरनी |

**कूट –**

(a) A-3, B-2, C-1, D-4 (b) A-1, B-3, C-4, D-2

(c) A-2, B-1, C-4, D-3 (d) A-2, B-4, C-3, D-1

29. नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिसमें से एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है :

**अभिकथन (A) :** बन्द शीशे की खिड़कियों एवं दरवाजों वाली कार में यात्रा करते समय व्यक्ति आकाशीय बिजली के आघात से सुरक्षित रहते हैं।

**कारण (R) :** एक बन्द कार अन्दर से खाली चालक की तरह व्यवहार करती हैं, अतः आवेश कार के अन्दर प्रवेश नहीं कर पाते हैं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट –**

(a) (A) असत्य है किन्तु (R) सत्य है।

(b) (A) और (R) दोनों सत्य हैं किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(c) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

(d) (A) सत्य है किन्तु (R) असत्य है।

30. 'यूरोप में राइन नदी' के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?

1. राइन नदी उत्तरी जर्मनी की औद्योगिक गतिविधियों के लिए एक महत्वपूर्ण मार्ग है।
2. रॉटरडैम का बंदरगाह राइन नदी के मुहाने पर स्थित है।

नीचे दिए गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए:

**कूट –**

(a) न तो 1 ना ही 2 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) केवल 1

1194475

31. Consider the following statements with reference to Rudrama and choose the correct statements about her -

(1) Rudrama was fourth independent ruler of Kakatiya dynasty of Warangal.

(2) She defeated Pandyas of South Tamil Nadu, Eastern Ganga rulers of Orissa and Seuna rulers of Devgiri.

(a) Only 1 (b) Neither 1 nor 2
(c) Both 1 and 2 (d) Only 2

32. Which of the following statement/s is /are correct?

I. First Agricultural University was established at Pantnagar, Uttarakhand (erstwhile part of Uttar Pradesh) in 1960.

II. During 1901-1905, six agricultural colleges were established at Kanpur, Pune, Sabour, Nagpur, Lyallpur and Coimbatore

Code -

(a) Neither I nor II (b) Only II
(c) Only I (d) Both I and II

33. The 6th Schedule of the Indian Constitution is related to the administration of Tribal areas of -

(a) Assam, Arunachal Pradesh, Tripura & Mizoram
(b) Assam, Tripura, Nagaland & Mizoram
(c) Assam, Nagaland, Meghalaya & Mizoram
(d) Assam, Meghalaya, Tripura & Mizoram

34. Match List-I and List-II and select the correct answer using the code given below –

| List-I (Country) | List-II (Total Medals won in Hangzhou, Asian Games-2023) |
|---|---|
| A. China | 1. 190 |
| B. Japan | 2. 107 |
| C. Republic of Korea | 3. 383 |
| D. India | 4. 188 |

Code -

(a) A-3, B-2, C-4, D-1 (b) A-2, B-1, C-3, D-4
(c) A-1, B-2, C-4, D-3 (d) A-3, B-4, C-1, D-2

35. Match List-I with List-II and choose the correct answer using the code given below :

| List-I | List-II |
|---|---|
| (A) Vitamin–C | (1) Night blindness |
| (B) Folic Acid | (2) Beri-Beri |
| (C) Vitamin–A | (3) Anemia |
| (D) Vitamin–B1 | (4) Scurvy |

Code -

(a) A-1, B-2, C-4, D-3 (b) A-4, B-3, C-1, D-2
(c) A-4, B-3, C-2, D-1 (d) A-2, B-3, C-1, D-4

31. रुद्रमा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए एवं उसके बारे में सही कथन चुनिए –

(1) रुद्रमा वारंगल के काकतीय वंश की चौथी स्वतंत्र शासक थीं।

(2) उसने दक्षिण तमिलनाडु के पाण्ड्य, उड़ीसा के पूर्वी गंग शासकों, देवगिरी के सेउना शासकों को पराजित किया।

(a) केवल 1 (b) न तो 1 ना ही 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) केवल 2

32. निम्नलिखित कथन/कथनों में से कौन–सा/से सही है/हैं?

I. पहला कृषि विश्वविद्यालय, पंतनगर, उत्तराखंड (पूर्व में उत्तर प्रदेश का हिस्सा) में, 1960 में, स्थापित किया गया था।

II. 1901-1905 के दौरान, कानपुर, पुणे, सबौर, नागपुर, लायलपुर और कोयंबटूर में छह कृषि महाविद्यालय स्थापित किए गए।

कूट –

(a) न तो I ना ही II (b) केवल II
(c) केवल I (d) I और II दोनों

33. भारतीय संविधान की छठी अनुसूची किन राज्यों के जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन से सम्बंधित है?

(a) असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा व मिज़ोरम
(b) असम, त्रिपुरा, नागालैण्ड व मिज़ोरम
(c) असम, नागालैण्ड, मेघालय व मिज़ोरम
(d) असम, मेघालय, त्रिपुरा व मिज़ोरम

34. सूची-I तथा सूची-II मिलाइए तथा नीचे दिए गए कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए –

| सूची-I (देश) | सूची-II (हंगहाऊ एशियाई खेल-2023 में प्राप्त पदकों की संख्या) |
|---|---|
| A. चीन | 1. 190 |
| B. जापान | 2. 107 |
| C. कोरिया गणराज्य | 3. 383 |
| D. भारत | 4. 188 |

कूट –

(a) A-3, B-2, C-4, D-1 (b) A-2, B-1, C-3, D-4
(c) A-1, B-2, C-4, D-3 (d) A-3, B-4, C-1, D-2

35. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (A) विटामिन–C | (1) रतौंधी |
| (B) फॉलिक अम्ल | (2) बेरी–बेरी |
| (C) विटामिन–A | (3) रक्ताल्पता |
| (D) विटामिन–B1 | (4) स्कर्वी |

कूट –

(a) A-1, B-2, C-4, D-3 (b) A-4, B-3, C-1, D-2
(c) A-4, B-3, C-2, D-1 (d) A-2, B-3, C-1, D-4

36. What is correct in the following statement/s with reference to Uttar Pradesh?

(A) Age has been determined in Pre-primary education as 3 to 5 years.

(B) Age has been determined in Primary education as 6 to 11 years.

Select the correct answer from the following code :

**Code -**

(a) Only B  (b) Only A

(c) Neither A nor B  (d) Both A and B

37. Consider the important events of coal mining in India and arrange these in correct chronological order starting from the earliest to the last activity –

I. First production of coal in Raniganj

II. Establishment of Coal India Ltd. (CIL)

III. Nationalisation of coal mines

IV. Establishment of National Coal Development Corporation (NCDC)

Select the correct answer using the code given below:

**Code -**

(a) III, I, II, IV  (b) I, III, II, IV

(c) I, II, III, IV  (d) I, IV, III, II

38. Given below are two statements, in which one is labelled as Assertion (A) and the other as Reason (R) –

**Assertion (A) :** The equatorial forest biome is the biome with the densest and highest biomass.

**Reason (R) :** There is high rainfall and high temperature throughout the year in the equatorial forest region.

Select the correct answer using the code given below:

**Code -**

(a) (A) is false but (R) is true.

(b) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A).

(c) (A) is true but (R) is false.

(d) Both (A) and (R) are true but (R) is not correct explanation of (A).

39. Consider the following statements with reference to Bankim Chandra Chattopadhyay:

1. He was the first graduate of Calcutta University.

2. 'Sitaram' was his last Novel.

Select the correct answer using the code given below:

**Code -**

(a) Both 1 and 2  (b) Neither 1 nor 2

(c) Only 1  (d) Only 2

36. उत्तर प्रदेश के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथन/कथनों में क्या सही है/हैं?

(A) पूर्व प्राथमिक शिक्षा की आयु 3 से 5 वर्ष निर्धारित है।

(B) प्राथमिक शिक्षा की आयु 6 से 11 वर्ष निर्धारित है।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

कूट –

(a) केवल B  (b) केवल A

(c) न तो A ना ही B  (d) A और B दोनों

37. भारत में कोयला खनन की महत्त्वपूर्ण घटनाओं पर विचार कीजिए तथा इन्हें सही कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए, सबसे पहले से लेकर आखिरी गतिविधि तक –

I. रानीगंज में कोयले का प्रथम उत्पादन

II. कोल इंडिया लिमिटेड (CIL) की स्थापना

III. कोयला खदानों का राष्ट्रीयकरण

IV. राष्ट्रीय कोयला विकास निगम (NCDC) की स्थापना

नीचे दिए गए कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए

कूट –

(a) III, I, II, IV  (b) I, III, II, IV

(c) I, II, III, IV  (d) I, IV, III, II

38. नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है –

अभिकथन (A) : विषुवतीय बायोम सबसे घना एवं सर्वाधिक जैवभार वाला वन बायोम है।

कारण (R) : विषुवतीय वन क्षेत्र में वर्ष भर उच्च वर्षा एवं उच्च तापमान होता है।

नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए

कूट –

(a) (A) असत्य है किन्तु (R) सत्य है।

(b) (A) तथा (R) दोनों सत्य हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

(c) (A) सत्य है किन्तु (R) असत्य है।

(d) (A) तथा (R) दोनों सत्य हैं किंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

39. बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. वह कलकत्ता विश्वविद्यालय के प्रथम स्नातक थे।

2. 'सीताराम' उनका अन्तिम उपन्यास था।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए:

कूट –

(a) 1 और 2 दोनों  (b) न तो 1 ना ही 2

(c) केवल 1  (d) केवल 2

40. Consider the following events and arrange them in chronological order with the help of code given below:

I. First phase of Bank Nationalisation
II. Second phase of Bank Nationalisation
III. Establishment of Regional Rural Banks
IV. Establishment of NABARD

**Code -**

(a) IV, II, III, I (b) III, II, I, IV
(c) I, III, II, IV (d) I, II, IV, III

41. PIN in banking transaction is known as -

(a) Postal Index Number (b) Permanent Identification Number
(c) Personal Identification Number (d) None of the above

42. Which one of the following organisation declared Varanasi its first Tourism and Cultural Capital in 2023?

(a) Shanghai Co-operation Organisation (SCO) (b) G-20
(c) ASEAN (d) UNESCO

43. Given below are two statements, in which one is labelled as Assertion (A) and the other as Reason (R):

**Assertion (A)** : Saline soils in India are not appropriate for cultivation of crops.

**Reason (R)** : Saline soils have high proportion of salt, largely because of dry climate and poor drainage.

Select the correct answer using the code given below:

**Code -**

(a) Both (A) and (R) are true but (R) is not correct explanation of (A).
(b) (A) is false but (R) is true.
(c) (A) is true but (R) is false.
(d) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

44. With reference to the Burhan-ul-Mulk Saadat Khan, which of the following statement/s is/are correct?

(1) Saadat Khan was the founder of Independent state of Awadh.
(2) He took part in the conspiracy against the Sayyid Brothers.

Select the correct answer using the code given below:

**Code -**

(a) Only 2 (b) Both 1 and 2
(c) Only 1 (d) Neither 1 nor 2

40. निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिए तथा उनको नीचे दिए गए कूट का उपयोग करते हुए कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :

I. बैंकों के राष्ट्रीयकरण का प्रथम चरण
II. बैंकों के राष्ट्रीयकरण का दूसरा चरण
III. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की स्थापना
IV. नाबार्ड की स्थापना

**कूट –**

(a) IV, II, III, I (b) III, II, I, IV
(c) I, III, II, IV (d) I, II, IV, III

41. बैंक के लेन–देन में पिन (PIN) का अभिप्राय है –

(a) पोस्टल इंडेक्स नम्बर (b) परमानेन्ट आइडेंटिफिकेशन नम्बर
(c) पर्सनल आइडेंटिफिकेशन नम्बर (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

42. निम्नलिखित में से किस संगठन ने वर्ष 2023 में, वाराणसी को अपनी पहली पर्यटन और सांस्कृतिक राजधानी घोषित किया?

(a) शंघाई सहयोग संगठन (एस.सी.ओ.) (b) जी–20
(c) आसियान (d) यूनेस्को

43. नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है :

**अभिकथन (A)** : भारत में लवणीय मिट्टी फसलों की खेती के लिए उपयुक्त नहीं है।

**कारण (R)** : लवणीय मिट्टी में नमक की मात्रा अधिक होती है, जिसका मुख्य कारण शुष्क जलवायु और खराब जल निकासी है।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए:

**कूट –**

(a) (A) और (R) दोनों सत्य हैं किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(b) (A) असत्य है किन्तु (R) सत्य है।
(c) (A) सत्य है किन्तु (R) असत्य है।
(d) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

44. बुरहान–उल–मुल्क सआदत खान के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथन/कथनों में से कौन–सा/से सही है/हैं?

(1) अवध के स्वतंत्र राज्य का संस्थापक सआदत खान था।
(2) उसने सैय्यद बन्धुओं के विरुद्ध षडयंत्र में भाग लिया था।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट –**

(a) केवल 2 (b) 1 और 2 दोनों
(c) केवल 1 (d) न तो 1 ना ही 2

45. Given below are two statements, in which one is labelled as Assertion (A) and the other as Reason (R):

**Assertion (A) :** Rabi crops in India are predominantly cultivated in north-western states like Punjab and Haryana.

**Reason (R) :** The success of Rabi crops in these states depends on the rain due to estern tropical cyclones during winters.

Select the correct answer using the code given below:

**Code -**

(a) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).

(b) (A) is false but (R) is true.

(c) (A) is true but (R) is false.

(d) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

46. With reference to "Kuzbass region in Russia", which of the following statement/s is/are correct?

1. This region is rich in coal and iron ore.
2. Novosibirsk is an important industrial centre of this region.

Select the correct answer using the code given below:

**Code -**

(a) Both 1 and 2 (b) Only 2

(c) Only 1 (d) Neither 1 nor 2

47. Two statements are given below, one is labelled as Assertion (A) and the other as Reason (R) :

**Assertion (A) :** In October 1940, Gandhiji gave call for a limited Satyagraha by a few selected individuals.

**Reason (R) :** The Satyagraha was kept limited so as to embrace Britain's war efforts.

Select the correct answer using the code given below:

**Code -**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A).

(b) (A) is true but (R) is false.

(c) Both (A) and (R) are true but (R) is not correct explanation of (A).

(d) (A) is false but (R) is true.

48. Which statement is true regarding Bipin Chandra Pal?

1. He was a Brahmo Samaj Leader and Social Reformer.
2. A weekly magazine named New India was published.

Select the correct answer using the code given below:

**Code -**

(a) Neither 1 nor 2 (b) Both 1 and 2

(c) Only 2 (d) Only 1

45. नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है :

**अभिकथन (A) :** भारत में रबी फसलों की खेती मुख्य रूप से पंजाब और हरियाणा जैसे उत्तर–पश्चिमी राज्यों में की जाती है।

**कारण (R) :** इन राज्यों में रबी फसलों की सफलता सर्दियों के दौरान पश्चिमी उष्णकटिबंधीय चक्रवातों के कारण होने वाली बारिश पर निर्भर करती है।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए:

कूट –

(a) (A) और (R) दोनों सत्य हैं किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(b) (A) असत्य है किन्तु (R) सत्य है।

(c) (A) सत्य है किन्तु (R) असत्य है।

(d) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

46. "रूस में कुज़बास क्षेत्र" के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?

1. यह क्षेत्र कोयला और लौह अयस्क में समृद्ध है।
2. नोवोसिबिर्स्क इस क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण औद्योगिक केंद्र है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए :

कूट –

(a) 1 और 2 दोनों (b) केवल 2

(c) केवल 1 (d) न तो 1 ना ही 2

47. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है :

**अभिकथन (A) :** अक्टूबर 1940 में, गाँधीजी ने कुछ चुने हुए लोगों द्वारा सीमित सत्याग्रह का आह्वान किया।

**कारण (R) :** यह सत्याग्रह इसलिए सीमित रखा गया ताकि ब्रिटेन के युद्ध प्रयासों को ठेस पहुँचे।

नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए :

कूट –

(a) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

(b) (A) सत्य है किन्तु (R) असत्य है।

(c) (A) और (R) दोनों सत्य हैं किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(d) (A) असत्य है किन्तु (R) सत्य है।

48. बिपिन चन्द्र पाल के संदर्भ में कौन सा कथन सत्य है?

1. वह ब्रह्मसमाजी नेता तथा समाज सुधारक थे।
2. न्यू इंडिया नाम की साप्ताहिक पत्रिका प्रकाशित किया।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए –

कूट –

(a) न तो 1 ना ही 2 (b) 1 और 2 दोनों

(c) केवल 2 (d) केवल 1

49. Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below -

| List-I (Oil Refineries) | List-II (States) |
|---|---|
| A. Barauni | 1. Assam |
| B. Bongaigaon | 2. Bihar |
| C. Bina | 3. Gujarat |
| D. Koyali | 4. Madhya Pradesh |

Code -

(a) A-2, B-4, C-3, D-1 (b) A-3, B-1, C-4, D-2
(c) A-1, B-2, C-3, D-4 (d) A-2, B-1, C-4, D-3

50. If $\frac{a}{h}+\frac{y}{b}=1$ and $\frac{b}{y}+\frac{z}{c}=1$, then $\frac{h}{a}+\frac{c}{z}$ will be equal to -

(a) 0 (b) 1
(c) $\frac{b}{y}$ (d) None of the above

51. Consider the following statements with reference to "Nandini Krishak Samriddhi Yojana" –

(1) This scheme includes milch cow breeds of Sahiwal, Gir, Tharparkar and Gangatiri only.
(2) Beneficiary must have at least one year of cattle rearing experience.

Select the correct answer from the code given below-

Code -

(a) Neither 1 nor 2 (b) Only 2
(c) Only 1 (d) Both 1 and 2

52. 15 bulbs each of 200 watt capacity in a Silkyara tunnel are illuminated continuously for 24 hours. The consumption of electricity will be -

(a) 71 units (b) 72 units
(c) 73 units (d) None of the above

53. Consider the following Mughal Emperors and arrange them in chronological order :

(I) Furrukhsiyar (II) Jahandar Shah
(III) Bahadur Shah (IV) Muhammad Shah

Select the correct answer using the code given below:

Code -

(a) III, II, I, IV (b) I, IV, II, III
(c) IV, II, I, III (d) I, III, IV, II

49. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए –

| सूची–I (तेल शोधन शाला) | सूची–II (राज्य) |
|---|---|
| A. बरौनी | 1. असम |
| B. बोंगाईगाँव | 2. बिहार |
| C. बीना | 3. गुजरात |
| D. कोयली | 4. मध्य प्रदेश |

कूट –

(a) A-2, B-4, C-3, D-1 (b) A-3, B-1, C-4, D-2
(c) A-1, B-2, C-3, D-4 (d) A-2, B-1, C-4, D-3

50. यदि $\frac{a}{h}+\frac{y}{b}=1$ और $\frac{b}{y}+\frac{z}{c}=1$ है, तो $\frac{h}{a}+\frac{c}{z}$ बराबर होगा –

(a) 0 (b) 1
(c) $\frac{b}{y}$ (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

51. "नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना" के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –

(1) इस योजना में केवल साहीवाल, गिर, थारपारकर एवं गंगातीरी प्रजाति की दुधारू गायें ही सम्मिलित की गई हैं।
(2) लाभार्थी के पास गोपालन का कम से कम एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए।

नीचे दिए कूट से सही उत्तर चुनिए –

कूट –

(a) न तो 1 ना ही 2 (b) केवल 2
(c) केवल 1 (d) दोनों 1 और 2

52. एक सिल्कयारा सुरंग में 200 वॉट क्षमता के 15 बल्ब लगातार 24 घंटे तक रोशन किये जाते हैं। बिजली की खपत कितनी होगी?

(a) 71 यूनिट (b) 72 यूनिट
(c) 73 यूनिट (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

53. निम्नलिखित मुगल शासकों पर विचार कीजिए तथा उनको कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :

(I) फर्रुखसियर (II) जहांदार शाह
(III) बहादुर शाह (IV) मुहम्मद शाह

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

कूट –

(a) III, II, I, IV (b) I, IV, II, III
(c) IV, II, I, III (d) I, III, IV, II

54. Match List-I with List-II and choose the correct answer using the code given below –

| List-I | List-II |
|---|---|
| (A) Merchandise Turnover | (1) $\frac{\text{Current Assets}}{\text{Current Liabilities}}$ |
| (B) Current Ratio | (2) $\frac{\text{Liquid Assets}}{\text{Current Liabilities}}$ |
| (C) Acid Test Ratio | (3) $\frac{\text{Net Profit before Interest \& Tax}}{\text{Total Assets}}$ |
| (D) Gross Capital Employed | (4) $\frac{\text{Cost of Goods sold}}{\text{Average stock}}$ |

Code -

(a) A-4, B-1, C-2, D-3 (b) A-2, B-1, C-3, D-4
(c) A-3, B-2, C-1, D-4 (d) A-4, B-3, C-1, D-2

55. Which among the following is the correct order mentioned in Preamble of the Indian Constitution?

(a) Socialist, Secular, Sovereign, Democratic
(b) Sovereign, Socialist, Secular, Democratic
(c) Secular, Socialist, Sovereign, Democratic
(d) Sovereign, Secular, Socialist, Democratic

56. Which statement is correct about Panchayati Raj?
(a) The Panchayat Samiti and Zila Parishad are constituted with directly elected members.
(b) Minimum age is 18 years to contest the election at the Panchayat level.
(c) Election of the Panchayati Raj Institutions is conducted under the supervision of the State Election Commission.
(d) None of the above

57. With reference to "AGMARK", which of the following statement/s is/are correct?
1. "AGMARK" is the sign of quality of agricultural products.
2. Certificate of "AGMARK" is issued by Food Corporation of India.
Select the correct answer using the code given below–
Code -
(a) Both 1 and 2 (b) Only 1
(c) Only 2 (d) Neither 1 nor 2

58. With reference to Uttar Pradesh, which of the following statement/s is/are correct?
1. Uttar Pradesh is divided into 9 economic regions.
2. Uttar Pradesh has 11 agro-climatic zones.
Select the correct answer using the code given below-
Code -
(a) Both 1 and 2 (b) Neither 1 nor 2
(c) Only 2 (d) Only 1

54. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए –

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (A) स्कन्ध आवर्त | (1) $\frac{\text{चालू सम्पत्ति}}{\text{चालू दायित्व}}$ |
| (B) चालू अनुपात | (2) $\frac{\text{तरल सम्पत्ति}}{\text{चालू दायित्व}}$ |
| (C) अम्ल परख अनुपात | (3) $\frac{\text{ब्याज एवं कर से पूर्व लाभ}}{\text{कुल सम्पत्ति}}$ |
| (D) सकल विनियोजित पूँजी | (4) $\frac{\text{बेची गई वस्तु की लागत}}{\text{औसत स्कन्ध}}$ |

कूट –

(a) A-4, B-1, C-2, D-3 (b) A-2, B-1, C-3, D-4
(c) A-3, B-2, C-1, D-4 (d) A-4, B-3, C-1, D-2

55. भारतीय संविधान की प्रस्तावना में उल्लिखित सही क्रम कौन–सा है?
(a) समाजवादी, पंथ–निरपेक्ष, सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, लोकतंत्रात्मक
(b) सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, समाजवादी, पंथ–निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक
(c) पंथ–निरपेक्ष, समाजवादी, सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, लोकतंत्रात्मक
(d) सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, पंथ–निरपेक्ष, समाजवादी, लोकतंत्रात्मक

56. पंचायती राज के संदर्भ में कौन सा कथन सही है?
(a) पंचायत समिति और जिला परिषद प्रत्यक्ष निर्वाचित सदस्यों से गठित होते हैं।
(b) पंचायत स्तर चुनाव लड़ने की न्यूनतम आयु 18 वर्ष है।
(c) पंचायती राज संस्थाओं का चुनाव राज्य चुनाव आयोग के पर्यवेक्षण में होता है।
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

57. "एगमार्क" के सम्बन्ध में, निम्नलिखित कथनों में से कौन–सा/से सही है/हैं?
1. "एगमार्क" कृषि उत्पादों की गुणवत्ता का सूचक है।
2. "एगमार्क" का प्रमाण–पत्र भारतीय खाद्य निगम द्वारा जारी किया जाता है।
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए –
कूट –
(a) 1 और 2 दोनों (b) केवल 1
(c) केवल 2 (d) न तो 1 ना ही 2

58. उत्तर प्रदेश के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन–सा/से सही है/हैं?
1. उत्तर प्रदेश 9 आर्थिक क्षेत्रों में बँटा है।
2. उत्तर प्रदेश में 11 कृषि–जलवायु क्षेत्र हैं।
नीचे दिए गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए –
कूट –
(a) 1 और 2 दोनों (b) न तो 1 ना ही 2
(c) केवल 2 (d) केवल 1

59. Consider the following statements :

1. Moradabad is renowned for copper work and has carved a niche for itself in the handicraft industry throughout the world.
2. Moradabad Special Economic Zone (SEZ) is the first SEZ in northern India developed by Uttar Pradesh Government.

Select the correct answer using the code given below:

**Code -**

(a) Only 1 (b) Both 1 and 2
(c) Neither 1 nor 2 (d) Only 2

60. Given below are two statements. One is labelled as Assertion (A) and the other as Reason (R) :

**Assertion (A) :** Jaunpur is known as Siraj-e-Hind.

**Reason (R) :** Jaunpur was a great centre of education during the Sharqi period.

Select the correct answer using the code given below:

**Code -**

(a) (A) is true but (R) is false.
(b) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A).
(c) Both (A) and (R) are true but (R) is not correct explanation of (A).
(d) (A) is false but (R) is true.

61. Rocket works on the principle of the following :

(a) Energy Conservation (b) Bernoulli Theorem
(c) Conservation of Momentum (d) Avogadro's Concept

62. Regarding Punjab Merger, which of the following statement is false?

(a) On 29th March, 1849, the Governor General announced that the state of Punjab had come to an end.
(b) All the territories of Maharaja Duleep Singh became part of the Indian British Empire.
(c) Duleep Singh was given an annual pension of ₹2,50,000.
(d) None of the above

63. 5 equivalent vertical lines are drawn on a board. 5 equidistant horizontal lines are also drawn on the board cutting the 5 vertical lines and the distance between any two consecutive horizontal lines is equal to that between any two consecutive vertical lines. What is the maximum number of squares, thus formed?

(a) 16 (b) 26
(c) 30 (d) None of the above

59. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें –

1. मुरादाबाद तांबे के काम के लिए प्रसिद्ध है और उसने दुनिया भर में हस्तशिल्प उद्योग में अपनी एक अलग पहचान बनाई है।
2. मुरादाबाद विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ) उत्तर भारत में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विकसित पहला SEZ है।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चुनाव कीजिए –

कूट –

(a) केवल 1 (b) 1 और 2 दोनों
(c) न तो 1 ना ही 2 (d) केवल 2

60. नीचे दो कथन दिए गए हैं। एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है :

**अभिकथन (A) :** जौनपुर को सिराज–ए–हिन्द के नाम से जानते हैं।

**कारण (R) :** जौनपुर शर्की काल में शिक्षा के महान केन्द्र के रूप में था।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

कूट –

(a) (A) सत्य है किन्तु (R) असत्य है।
(b) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(c) (A) और (R) दोनों सत्य हैं किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(d) (A) असत्य है किन्तु (R) सत्य है।

61. निम्नलिखित में से रॉकेट किस सिद्धान्त पर कार्य करता है?

(a) ऊर्जा संरक्षण (b) बर्नौली प्रमेय
(c) गति का संरक्षण (d) आवोगाद्रो की अवधारणा

62. पंजाब के विलय के सम्बन्ध में, निम्नलिखित में से कौन सा कथन असत्य है?

(a) 29 मार्च, 1849 को गवर्नर जनरल की ओर से घोषणा हुई कि पंजाब राज्य समाप्त हो गया है।
(b) महाराजा दलीप सिंह के सभी प्रदेश भारतीय ब्रिटिश साम्राज्य का हिस्सा बन गए हैं।
(c) दलीप सिंह को 2,50,000₹ वार्षिक पेंशन दे दी गई।
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

63. एक बोर्ड पर 5 समांतरली उर्ध्वाधर रेखाएं खींची गई हैं। बोर्ड पर 5 उर्ध्वाधर रेखाओं को काटती हुई 5 समांतरली क्षैतिज रेखायें भी खींची गई हैं। किन्हीं दो निरंतर उर्ध्वाधर रेखाओं के बीच की दूरी किन्हीं दो निरंतर क्षैतिज रेखाओं के बीच की दूरी के समान है। इस तरह से बनने वाले वर्गों की अधिकतम संख्या कितनी है?

(a) 16 (b) 26
(c) 30 (d) उपरोक्त में से कोई नहीं







64. With reference to "69th National Film Awards for 2021", which of the following statement/s is/are correct?

1. "RRR" and "Gangubai Kathiawadi" bagged 5 and 6 National Awards respectively.
2. "Rocketry: The Nambi Effect" won the best Feature Film Award.

Select the correct answer using the code given below:

**Code -**

(a) Neither 1 nor 2 (b) Both 1 and 2
(c) Only 2 (d) Only 1

65. In reference to Mangalayaan launched by ISRO, consider the following statements –

(I) It is also called as the Mars Orbiter Mission.
(II) It was launched on November 2013.

Select the correct answer using the code given below:

**Code -**

(a) Neither I nor II (b) Both I and II
(c) Only I (d) Only II

66. Which of the following statement/s is/are correct?

1. ITC means the credit of Input Tax on the supplies of goods and services or both received by a registered person.
2. Eligibility of ITC which may be as under-taxable supply, non-taxable supply, zero-rated supply.

**Code -**

(a) Both 1 and 2 (b) Only 2
(c) Neither 1 nor 2 (d) Only 1

67. Which of the following statement/s is/are incorrect?

A. Part III on Fundamental Rights of the Constitution is based upon Bill of Rights of the U.S.A.
B. "Right to Die" is a Fundamental Right under Article 21 of the Constitution.
C. Indian Constitution is a complete Federal Constitution.
D. Fundamental Rights can be removed under the Indian Constitution.

**Code -**

(a) Only B and C (b) Only C and D
(c) Only B (d) Only B, C and D

64. "69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 2021" के संदर्भ में, निम्नलिखित कथन/कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. "आर.आर.आर." और "गंगूबाई काठियावाड़ी" को क्रमशः 5 और 6 राष्ट्रीय पुरस्कार मिले।
